nt>

Title: Need to modernise and utilise the unused Defence airport at Gopalganj, Bihar.

श्री अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव (गोपालगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान रक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत आने वाले हाथवा हवाई अड्डे की तरफ आकर्ाित करना चाहता हूं। यह हवाई अड्डा गोपालगंज, बिहार में स्थित है, जो कई वर्ाों से बन्द पड़ा है और इस पर अनधिकृत रूप से लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। यह हवाई अड्डा नेपाल सीमा के समीप है, अतः यह देश की सुरक्षा की दृटि से भी बहुत महत्वपूर्ण है।

मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि इस हवाई अड्डे के आसपास की जमीन का अधिग्रहण करके इसका आधुनिकीकरण किया जाये, जिससे इस क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को भी रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकें।